02/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय दिव्यांग जन सशक्तिकरण पुरस्कार प्रदान करेंगी। कुल 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार इस अवसर पर दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए इस वर्ष अमर जैन राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण करेंगे। वे शत प्रतिशत दृष्टि बाधित लोगों को कानूनी परामर्श उपलब्ध कराते हैं। अमर जैन ने अपनी प्रेरक जीवन कथा साझा करते हुए उनके समक्ष आई बाधाओं का उल्लेख किया। 75 प्रतिशत गतिशीलता दिव्यांगता के साथ प्रतीक खंडेलवाल को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया जाएगा। श्री खंडेलवाल रैंप माई सिटी के संस्थापक हैं। उन्होंने बताया कि उनका स्टार्टअप उद्यम किस तरह शहरी परिवेश को दिव्यांगजन के लिए अधिक सुगम्य बनाने में मदद कर रहा है।

0000000000000000000000

मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन रियाद में शुरू हो गया है। इसमें वैश्विक नेता, नीति निर्माता और पर्यावरण विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। दो से तेरह दिसंबर तक चलने वाले इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का उद्देश्य दुनिया भर में भूमि की गुणवत्ता में सुधार और सूखे से उबरने के काम में तेज़ी लाना है। सम्मेलन के दौरान आज रियाद ग्लोबल ड्रॉट रिजिलिएशन इनिशिएटिव की शुरुआत होगी।

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज रियाद में भारतीय दूतावास में एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भुवनेश्वर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन के अंतिम दिन देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। मुख्य रूप से साइबर अपराध, तटीय सुरक्षा और माओवादी उग्रवाद से निपटने पर विचार किया गया। सम्मेलन में गृह मंत्री अमित शाह, गृह सचिव गोविंद मोहन, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए कार्यनीतिक उपायों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। शीर्ष पुलिस अधिकारियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ कृत्रिम मेधा तथा ड्रोन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियां और आतंकवाद से निपटने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री और प्रमुख अधिकारियों ने पुलिस के सामने आने वाले, परिचालन और बुनियादी ढाँचे से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई । सम्मेलन में देश के विभिन्न सुरक्षा संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए आगामी वर्ष के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया। प्रधानमंत्री भुवनेश्वर की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी कर दिल्ली लौट आए हैं।

0000000000000000

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्‌वारा आयोजित दो सप्ताह का ऑनलाइन शॉर्ट टर्म इंटर्नशिप कार्यक्रम कल संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत गत 18 नवंबर 2024 से शुरू हुई थी। कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 52 छात्रो ने भाग लिया। भारत की कार्यवाहक अध्यक्ष विजया भारती सयानी ने आयोग के साथ अपनी इंटर्नशिप सफ़लतापूर्वक पूरी करने के लिए छात्रो को बधाई दी। उन्होने उम्मीद जताई कि इंटर्न  कार्यक्रम के दौरान प्राप्त अंतद्र्‌ष्टि को हर व्यक्ति के मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए काम करेगा।

000000000000000000

अरूणाचल प्रदेश के इंडीजिनस फ़ैथ और कलचरल सोसायटी ने कल दोईमुख में इंडीजिनस फ़ैथ दिवस मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य  के ग्रह मंत्री मामा नातुंग ने सांस्क्रतिक विरासत और अपनी पहचान की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। श्री नातुंग ने आदिवासी समुदायों और प्रकृति पूजा के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिकता का सामंजस्य स्थापित करने का आग्रह किया। श्री नातुंग ने विभिन्न जिलों में चरणबध्द तरीके से गुरूकुल स्थापित करने की घोषना भी की। कार्यक्रम में स्वदेशी आस्था और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जिलों का दौरा करने के लिए पाँच IFCSAP युवा समूहों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

0000000000000000000

ताई खामती समुदाय ने रविवार को नामसाई के नालुंग फ़ेस्टिवल ग्राउण्ड में नए साल की शुरूआत को चिन्हित करता उत्सव पाई पी माउ वाई 2119 मनाया। उप मुख्यमंत्री चाउना मेन के मुख्य संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में ताई खाम्ती की विरासत की समृध्दी को दर्शाया गया। ताई जातियता को फ़िर से खोजना थीम के साथ यह उत्सव अपनी परम्परा को भविष्य की आकांक्षाओं के साथ जोड़ता है।

0000000000000000

राज्य के जूनियर मीडिया प्रोपेशनल के एक न्युट्रल प्लेटफॉर्म प्रेम राइडर्स क्लब (पीआरसी) ने हाल ही में पर्यावरण संरक्षण और मीडिया एकता को बढ़ावा देते हुए जीरों की अपनी पहली राइड सफलतापूर्वक पूरी की है। इस राइड में मुख्य रुप से पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग, वृक्षारोपण अभियान और नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

00000000000000000

देशभर सहित अपर सियांग जिले के यिंगकियोंग में भी कल ‘सहीं रास्ते पर चले’ थीम के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्रों और शिक्षको और इंडिजिनश फैथ के अनुयायियों ने एच आई वी/ एड्स जागरुकता संबंधी प्लैकार्ड और बैनर पकड़ते हुए एक रैली का आयोजन किया।

000000000000000000